**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2338**

**गुरूवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक)**

**बेरोज़गारी का आकलन**

**2338. श्री जावेद अली खान:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत में जनवरी 2026 के दौरान पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं में बेरोजगारी दर 5 प्रतिशत तक बढ़ गई है, जैसा कि सरकार द्वारा 16 फरवरी, 2026 को जारी सर्वेक्षण में बताया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग हर घर में 18 से 32 वर्ष की आयु का एक बेरोजगार युवा है;

(घ) यदि हां, तो बेरोजगारी के आकलन के लिए उपयोग की जा रही पद्धति क्या है जो इसे 4 से 5 प्रतिशत तक सीमित रखती है;

(ङ) क्या सरकार बेरोजगारी का आकलन करने की अपनी पद्धति में संशोधन करेगी, क्योंकि यह अवास्तविक है और कम बेरोजगारी दर्शाती है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके कारण कया हैं?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (च): रोजगार और बेरोजगारी का आधिकारिक डाटा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) द्वारा एकत्र किया जाता है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जनवरी 2025 से पीएलएफएस को नया रूप दिया है। पीएलएफएस वर्ष 2017 से वार्षिक आधार पर और 2018 से तिमाही शहरी अनुमानों के साथ आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जनवरी, वर्ष 2025 से मासिक और त्रैमासिक ग्रामीण अनुमान जारी किए जाते हैं। बढ़ी हुई आवृत्ति और मौसमी परिवर्तनों के कारण मासिक पीएलएफएस अनुपातों में परिवर्तन अपेक्षित है, लेकिन जरूरी नहीं कि यह दीर्घकालिक प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करे। पीएलएफएस रिपोर्टों में विस्तृत कार्यप्रणाली उपलब्ध है, जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट https://www.mospi.gov.in/publications-reports पर देखा जा सकता है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति के आधार पर अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2017-18 में 6.0% से घटकर वर्ष 2023-24 में 3.2% हो गई है। इसी अवधि के दौरान, 15-29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए सामान्य स्थिति के आधार पर यूआर 17.8% से घटकर 10.2% हो गया है।

इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों में 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए सामान्य स्थिति पर यूआर वर्ष 2017-18 में 16.6% से घटकर वर्ष 2023-24 में 8.5% हो गया है और इसी अवधि के दौरान देश के शहरी क्षेत्रों में यह 20.6% से घटकर 14.7% हो गया है।

*****